शनिवार

02 दिसंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो कांडों का 60 दिनों में करें निस्तारण: एसपी

2



### संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में बोले मोदी

# कार्बन उत्सर्जन में कमी का लेना होगा संकल्प

- दुबई में आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2028 में भारत में सीओपी 33 की मेजबानी करने का रखा प्रस्ताव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

यूएई के दुबई शहर में हो रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी 28) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2028 में भारत में सीओपी 33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने साल 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने, गैर-जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। कहा कि दो भारत अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह पर है।

उन्होंने बताया कि भारत ने निर्धारित समय सीमा से 11 साल पहले अपने उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में 45 फीसद की कमी का संकल्प लेना जरूरी है। पीएम ने वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए सबके हितों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, पर्यावरण से चुनौतियों के बीच हमें सफल होना बेहद जरूरी है।



उन्होंने ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव की भी वकालत की है। पीएम मोदी ने कहा कि 2030 तक कार्बन उत्सर्जन घटाने पर काम करने की आवश्यकता है। सभी देशों को एक-दूसरे के साथ देने की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने यूएई और भारत के संबंधों का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी आने वाले दिनों में अहम भूमिका निभाने वाली है। पीएम ने 21 घंटे के प्रवास के वक्त सात बड़ी बैठकों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर सबकी भागीदारी होनी जरूरी है। उन्होंने कहा, आज भारत ने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के उत्तम संतुलन का उदाहरण पूरी दुनिया के सामने रखा है। भारत पूरी दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी होने के बाद भी ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से कम ही है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा देगा। इसे 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि हम 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ने की कोशिश करेंगे। भारत विश्व की कुछ खास अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह राष्ट्रीय स्तर पर तय योगदान का लक्ष्य पूरा करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से जुड़े लक्ष्यों को देश 11 साल ही प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि गैर जीवाश्म ईंधन का लक्ष्य भारत वक्त से पहले ही हासिल कर चुका है।

### पीएम मोदी का दुबई में जोरदार स्वागत

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाकर दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में मजबूत भविष्य के लिए सार्थक वार्ता और सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यहां कार्यक्रम स्थल पर मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए एक महत्वपूर्ण मंच, सीओपी 28 शिखर सम्मेलन में शामिल होने पर खुशी हुई।

# महिला इंजीनियर से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 11 लाख रु. की ठगी

### साइबर क्राइम का अनोखा केस

- साइबर ठगों ने टेलीफोन रेगुलेटरी ऑफ इंडिया का अधिकारी बन महिला इंजीनियर को किया डिजिटल अरेस्ट
- महिला के सिम कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉड्रिंग के एक मामले में होने की बात कह डराया और कर ली ठगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली से सटे नोएडा में साइबर ठगी का एक अनोखा मामला समाने आया है। यहां एक महिला इंजीनियर से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी कर ली गई है। नोएडा के साइबर पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्टर रीता यादव ने बताया कि सेक्टर-34 में रहने वाली इंजीनियर के पास 13 नवंबर को एक फोन आया था और कॉलर ने खुद को टेलीफोन रेगुलेटरी ऑफ इंडिया का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिम कार्ड खरीदा गया है। इतना ही नहीं कॉलर ने महिला को यह भी बताया कि उस सिम कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉड्रिंग के एक मामले में हुआ है और उससे 2 करोड़ रुपये भी निकाले गए हैं। यह सुनकर महिला इंजीनियर घबरा गई। उसे डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 8 घंटे तक कैद करके रखा गया और उसके एकाउंट से 11.11 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिये गए। इन 8 घंटे के दौरान युवती का मानसिक शोषण किया गया। अब युवती मामले से बाहर आई तो पुलिस को शिकायत दी। इस मामले को सुनकर पुलिस भी हैरान हैं। यह उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल अरेस्टिंग का मामला है।

**कैसे हुई इंजीनियर युवती की डिजिटल अरेस्टिंग:** साइबर थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया नोएडा के सेक्टर-34 स्थित धवलगिरी अपार्टमेंट में सीजा टीए रहती है। सीजा एक कंपनी में आईटी इंजीनियर है। युवती के पास 13 नवंबर को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी ऑफ इंडिया (ट्राइ) का कर्मचारी बताया था। कॉल करने वाले ने अपने आपको अफसर बताते हुए इंजीनियर युवती से कहा, तुम्हारे आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सिम कार्ड खरीदा गया है, जिसका प्रयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। तुम्हारे सिम कार्ड से करोड़ों रुपए का फ्रॉड हुआ है।

**फर्जी अफसर बनकर युवती को बुरी तरह डराया:** कॉलर ने आगे युवती से कहा कि उनके सिम कार्ड का इस्तेमाल करके 2 करोड़ रुपए का गलत ट्रांसफर किया गया। इसके बाद युवती की कॉल स्काइप के जरिए कथित रूप से एक तरफ मुंबई पुलिस, दूसरी तरफ क्राइम ब्रांच और तीसरी तरफ कस्टम के अधिकारी को ट्रांसफर कर दिया। इस दौरान सभी कथित ने युवती को डराना शुरू दिया।

### पुलिस की वर्दी पहनकर किया वीडियो कॉल

युवती को करीब 8 घंटे तक उसके घर में ही कैद करके रखा गया। करीब 8 घंटे तक स्काइप कॉल से युवती की निगरानी कर बंधक बनाए रखा गया। इस दौरान युवती से कई तरह के सवाल पूछे गए। युवती को किसी अन्य से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। युवती के साथ जालसाजों ने पुलिस की वर्दी पहनकर स्काइप कॉल कर डराया। बताया जा रहा है कि अपने आपको को अधिकारी साबित करने के लिए युवती के साथ जालसाजों ने वीडियो कॉल भी किया। इस तरीके जालसाजों ने युवती का दिमाग अपने वश में कर लिया। युवती अपने घर पर थी। फिर भी शातिर अपराधियों ने इस तरीके से लड़की से बातचीत की, वह 8 घंटे तक अपने घर में डिजिटल अरेस्टिंग में रही।

**पैसे ट्रांसफर करवाकर कॉल डिस्कनेक्ट किया:** इन 8 घंटे के दौरान अपराधियों ने युवती से अपने अकाउंट में अलग-अलग बार में 11.11 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए और कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया। पीड़िता इस घटना के बाद काफी परेशान हो गई, घटना 13 नवंबर की है और अब पिछले हफ्ते युवती मुकदमा दर्ज कराया है।

### क्या है डिजिटल अरेस्टिंग

डिजिटल अरेस्टिंग मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से की जाती है। इसमें वीडियो कॉल या दूसरे एप का इस्तेमाल किया जाता है। मोबाइल या लैपटॉप से स्काइप पर वीडियो कॉलिंग या अन्य एप के जरिए किसी पर नजर रखी जाती है। उसे डरा धमका कर वीडियो कॉलिंग से दूर नहीं होने दिया जाता है। यानी वीडियो कॉल के जरिए आरोपी को उसके घर में या कहीं पर भी कैद कर लिया जाता है। इस दौरान पीड़ित ना तो वह किसी से बात कर सकता है और न कहीं जा सकता है।

## बिहार में संचालित हो रहे अवैध मदरसों को बंद कराएं नीतीश कुमार: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश सरकार से बड़ी मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में अवैध मदरसों की बाढ़ आ गई है। बिहार, बांग्लादेश और नेपाल की बॉर्डर से सटा हुआ है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तो हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। इनकी वजह से बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो गया है। इन इलाकों मे पॉपुलर फ्रंड ऑफ इंडिया भी सक्रिय है। बिहार में 18 फीसदी मुसलमानों की आबादी है। इसलिए अवैध मदरसों को बंद करवाएं और वैध मदरसों में विज्ञान की पढ़ाई शुरू करवाएं। बहुत हो गया नीतीश कुमार जी। वोट की लालच में तुष्टिकरण की राजनीति बंद कर दें। अब बिहार और देश के लिए खतरे बनने वालों पर भी विचार करें। अगर ऐसा नहीं किया तो आने वाले सालों में बिहार के लोगों का धन और धर्म भी खतरे में पड़ जाएगा और इसके लिए दोषी नीतीश और लालू होंगे।

## बेंगलुरु के 48 स्कूलों को ई-मेल भेज बम से उड़ाने की दी गई धमकी, दहशत में रहे पैरेंट्स

**केटी न्यूज/बेंगलुरु**

बेंगलुरु के करीब 48 निजी विद्यालयों को शुक्रवार को सुबह एक ई-मेल मिला जिसमें विद्यालय परिसरों में बम होने का दावा किया गया है। यह ई-मेल मिलने के बाद स्कूल के कर्मचारी और छात्रों के अभिभावक बेहद घबरा गए। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्राधिकारियों ने पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दी जिसके बाद वह बम निरोधक दस्ते और तोड़फोड़ रोधी जांच दल के साथ संबंधित संस्थानों में पहुंची। छात्रों और कर्मचारियों को स्कूल परिसरों से तुरंत बाहर निकाल लिया गया और अभी तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। छात्रों के माता-पिता को घटना के बारे में जैसे ही पता चला, वे बेहद घबरा गए और अपने बच्चों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए स्कूल भागे। डेप्युटी सीएम डीके शिवकुमार ने भी मामले को संज्ञान में लिया और इसे साजिश करार दिया है। उप मुख्यमंत्री ने धमकी के मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'ईमेल में दावा किया गया है कि स्कूल परिसरों में विस्फोटक रखे गए हैं। हमें कमान केंद्र से एक फोन कॉल आया और हमने अपने दलों को शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित विद्यालयों में भेजा। स्कूल परिसरों से सभी छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि यह एक फर्जी संदेश है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं है। कहा कि पिछले साल भी कुछ शरारती तत्वों ने बेंगलुरु के विद्यालयों में बम होने का दावा करते हुए इसी प्रकार के ईमेल भेजे थे, जो बाद में एक अफवाह साबित हुए।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने उन विद्यालयों में से एक स्कूल का दौरा किया जहां बम होने का दावा किया गया है। उन्होंने स्कूल और पुलिस से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा,कुछ शरारती लोगों ने ऐसा किया होगा। हम 24 घंटे में उन्हें पकड़ लेंगे।

## जरूरतमंदों के आवास-इलाज का करें इंतजाम, माफिया पर कसें लगाम: योगी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता के अनुसार आवास व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएं। आपराधिक मामलों में एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न करें और भूमि कब्जाने वाले दबंग, माफिया पर लगाम कसने में तत्परता दिखाएं। सीएम योगी ने ये निर्देश शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या



बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने परिजनों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा सुनते हुए आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी।

## नीतीश कुमार का चरित्र लोगों ने देख लिया है, अब वे उनके झांसे में आने वाले नहीं: प्रशांत

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार हावी होते रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जदयू को पांच सीट भी नहीं आएगी, चाहे इसके लिए नीतीश कुमार जितना कूद फान करना हो कर लें। पीके ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव में अगर जदयू को पांच सीटें आ गई तो मैं बिहार की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांग लूंगा। इतना ही नहीं प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चरित्र पर भी सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का चरित्र राज्य के लोगों ने देख लिया है। अब आम जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है।



जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार अभी कुछ दिन पहले कुंभकरण निद्रा से उठे हैं और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन की बात कहने लगे। कोई उनसे ये पूछने वाला नहीं है कि आप 18 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे, इन वर्षों में 15 वर्षों तक भाजपा के साथ ही मुख्यमंत्री बने रहे। 2017 से लेकर 2022 तक एनडीए की सरकार बिहार में भी थी और दिल्ली में भी। आप कोई ऐसा वक्तव्य दिखा दें कि भाजपा में रहते हुए नीतीश कुमार ने विशेष राज्य के दर्जे की कोई बात या चर्चा की हो।

प्रशांत किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री आज जब राजद के साथ सरकार में हैं तो भाजपा पर दोषारोपण कर रहे हैं। दो महीने के बाद भाजपा के साथ आ जाएंगे तो राजद के खिलाफ बोलने लगेंगे। नीतीश कुमार का चरित्र राज्य के लोगों ने देख लिया है। अब आम जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। ये नीतीश कुमार के करियर का अंतिम दौर चल रहा है। कुछ महीने और हाथ पांव मार लें, जितना समाज को बांटने का प्रयास करना है कर लें। प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में जदयू को पांच सीट भी नही आएगी। चाहे जितना नीतीश कुमार कूदफांद करना हो कर लें।





### उप्र के सीएम योगी ने सदन में सपा सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार की खोली पोल

# समाजवादियों के कारनामों को जनता कभी नहीं भूलेगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

नेता सदन सीएम योगी ने विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष हर मुद्दे को समाजवादियों का किया बताते हैं, जबकि जनता समाजवादियों के कारनामे भूली नहीं है। हर कोई जानता है कि कैसे-कैसे खेल खेले जाते थे। प्रदेश के अंदर सत्ता प्रायोजित डकैती का सबसे बड़ा उदाहरण जेपीएनआईसी है। इसका मूल डीपीआर 265 करोड़ आंका गया था, लेकिन इसमें 821 करोड़ खर्च हुए। इसके बाद भी खेल खत्म नहीं हुआ। यह तो केवल एक उदाहरण है।

नेता सदन सीएम योगी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष द्वारा पेश किए गए आंकड़े वास्तविक नहीं थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद उनका होमवर्क अच्छा नहीं हो पाया। वैसे भी, उनके पास समय नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने प्रयास तो किया। नेता सदन सीएम योगी ने बैंकिंग सेक्टर के कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए



कहा कि बैंकों के माध्यम से 2 लाख 42 हजार करोड़ का ऋण वितरित किया गया है। वर्ष 2022-23 में पहले की तुलना में आज यूपी में हर पांच किमी. के दायरे में बैंक की शाखा है। बीसी सखी के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं को हर ग्राम पंचायत तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। वहीं, फंड अर्जित करने में पूरे देश में अकेले यूपी की 16.2 फीसदी हिस्सेदारी रहती है, जो शीर्ष स्थान है। यह डाटा हमारी सरकार या किसी मैग्जीन का नहीं बल्कि आरबीआई का है। जून 2014 में एक लाख 65 हजार आयकर रिटर्न भरे जाते थे जबकि आज 11 लाख 92 हजार आयकर रिटर्न भरे जाते हैं। ये भी डाटा आयकर विभाग का है। आज सरकार की ओर से डेढ़ लाख करोड़ का जीएसटी संग्रह किया जा रहा है। वहीं, यूपी जीएसटी रजिस्ट्रेशन में भी शीर्ष स्थान पर है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत 1 लाख 69 हजार व्यापारियों को लाभान्वित किया जा चुका है। आज यूपी शीरा उत्पादन, एथेनॉल ब्लेंडिंग के मामले में देश का नंबर एक राज्य है। इतना ही नहीं, आवासीय और कृषि संपत्ति ट्रांसफर में पहले लंबी प्रक्रिया होती थी, वहीं आज मात्र पांच हजार रुपए शुल्क के साथ ये कार्य हो रहा है।

### सपा सरकार में कारनामों की है लंबी फेहरिस्त

सीएम योगी ने सपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचारों की पोल खोलते हुए कहा कि गोमती रिवर फ्रंट की बात करें तो पहले इसका डीपीआर 167 करोड़ का बना। इसके बाद डीपीआर 346 करोड़ का बनाया गया। फिर इसे 2015 में बढ़ाकर 656 करोड़ किया गया। इतना ही नहीं, जून 2016 में 1513 करोड़ का रिवाइज्ड एस्टिमेट कैबिनेट से पास किया, लेकिन 1437 करोड़ खर्च करने के बाद भी काम अधूरा पड़ा रहा। इसमें सीबीआई और ईडी की ओर से जांच जारी है। इसमें पाया गया कि डायफ्राम वॉल कार्यों को बिना अनुमोदित ड्राइंग कराया गया, स्लश रिमूवल में अनियमित्ता, 141 अनुबंधों में अनुबंधित धनराशि से अधिक भुगतान, विजन डॉक्यूमेंट के कार्यों को बिना सक्षम स्तर से स्वीकृति के विस्तारित कर भुगतान करना, डायफ्राम वाल के कार्य के पूर्ण होने के बाद भी चार फर्जी अनुबंध गठित करने के कारनामे किये गये। यह तो सिर्फ एक है, सपा सरकार में कारनामों की फेहरिस्त लंबी है और हर जिले में ऐसे उदाहरण होंगे।

# सदर अस्पताल के माइनर ओटी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची भगदड़

**केटी न्यूज/आरा**





सदर अस्पताल परिसर के न्यू मॉडल भवन के माइनर ओटी में शुक्रवार की शाम अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। उससे माइनर ओटी सहित पूरा फ्लोर धुआं-धुआं हो गया और पूरा अंधेरा छा गया। वहीं ओटी के बगल में मौजूद सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज और उनके परिजनों में भगदड़ मच गई। वार्ड में भर्ती मरीज और उनके परिजन इधर-उधर भागने लगे। उसे लेकर अस्पताल में देर तक अफरा-तफरी में मची रही। सूचना मिलते ही उपाधीक्षक डॉ.अरुण कुमार, अस्पताल प्रबंधक, डीपीएम और डैम पहुंचे। मैनेजर सहित अन्य कर्मियों की सूझबूझ से अग्निरोधी यंत्र द्वारा आग को बुझाया गया। बाद में फायर ब्रिगेड की दमकल भी पहुंच गई। आग लगने के कारण किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हो पाई है। हालांकि ओटी के सेलिंग में लगा एसी पूरी तरह जलकर राख हो और मैनर ओटी धुआं से काला हो गया। उस कारण हजारों की नुकसान हो गई। उपाधीक्षक डाक्टर अरुण कुमार ने बताया कि वह अपने ऑफिस में अस्पताल प्रबंधक, डीपीएम और डैम के साथ मीटिंग कर रहे थे। तभी अस्पताल के न्यू मॉडल भवन के माइनर ओटी में आग लगने की सूचना मिली। उसके बाद वे लोग फौरन वहां पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन की सूझबूझ से अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से अग्निरोधी यंत्र के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। न्यू मॉडल भवन के सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिला ने बताया कि उसका ऑपरेशन हुआ है और वह सर्जिकल वार्ड में भर्ती थी। उसी दौरान अचानक आग लग गई। उसने अपने परिजनों के साथ भागकर अपनी जान बचाई।

# डीएम के प्रयास से सदर अस्पताल में शुरू हुआ सिजेरियन ऑपरेशन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के प्रयासों से औरंगाबाद के सदर अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन अथवा बड़ा ऑपरेशन के द्वारा डिलीवरी का कार्य प्रारम्भ हो गया। इस बात को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा खुशी व्यक्त करने के साथ-साथ इस लोक कल्याणकारी कार्य के लिए जिला पदाधिकारी को धन्यवाद दिया गया।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि करीब आठ माह के बाद सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन फिर से प्रारंभ हो गया। इसका पूरा-पूरा श्रेय वर्तमान जिला पदाधिकारी को जाता है। जिला पदाधिकारी को उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करने के साथ-साथ सदर अस्पताल के चिकित्सकों की प्रतिबद्धता की तारीफ करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया गया कि सोमवार को अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. भोला भाई एवं डॉ ऋचा चौधरी के द्वारा एक सिजेरियन किया गया। इस सिजेरियन में डॉ. अनूप कुमार के द्वारा एनेस्थेटिक का काम किया गया। वहीं सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि यह काफी सराहनीय कार्य है। हम जिला पदाधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। सदर अस्पताल में सिजेरियन नहीं होने के कारण गर्भवतियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कभी-कभी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाने पर उन्हें उच्च संस्थानों के लिए रेफर कर दिया जाता था। अब सिजेरियन ऑपरेशन संभव हो गया है और यह सब जिला पदाधिकारी के नेतृत्व एवं चिकित्सकों के सकारात्मक दृष्टिकोण की परिणति है। विदित हो कि सदर अस्पताल में लंबे समय से सिजेरियन ऑपरेशन नहीं हो रहे थे। जिला पदाधिकारी के प्रयासों से यह कार्य प्रारंभ हो गया है। 27 नवंबर को पहला सिजेरियन होने के साथ-साथ आज 1 दिसंबर को जगदीशपुर निवासी अजय कुमार की पत्नी काजल कुमारी एवं जनकोप निवासी योगेंद्र कुमार शर्मा की पत्नी मधु कुमारी का सिजेरियन डॉ भोला भाई, डॉ अमृत कुमार एवं डॉ अनूप कुमार के द्वारा किया गया।

# एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो कांडों का 60 दिनों में करें निस्तारण: एसपी



- एसपी ने अजीमाबाद और नारायणपुर सहित आधा दर्जन थानों का किया इंस्पेक्शन
- ऑनलाइन पोर्टल पर केस दर्ज करने व वादी को कॉपी देने का निर्देश

**केटी न्यूज/आरा**

क्राइम कंट्रोल और अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटे पुलिस अफसरों को एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो जैसे गंभीर कांडों का 60 दिनों के अंदर डिस्पोजल करना होगा?। इसमें कोताही बरतने वाले आइओ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शुक्रवार को विभिन्न थानों के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया गया।

एसपी की ओर से शुक्रवार को नारायणपुर और अजीमाबाद थाना का इंजेक्शन किया गया। उसी क्रम में एसपी द्वारा सहार, संदेश और चांदी थानों का भी औचक निरीक्षण किया गया?। उस दौरान एसपी की ओर से थानों के अभिलेखों की अद्यतन प्रगति को देखा गया। फाइलों को अपडेट रखने के निर्देश दिया गया। सभी आइओ के साथ अनुसंधान की समीक्षा भी की गई। मौके पर सभी आइओ को एससी-एसटी और पॉक्सो कांड का 60 दिन के अंदर डिस्पोजल करने का आदेश दिया गया। वहीं अन्य गंभीर कांडो का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। एसपी द्वारा साफ तौर पर रखी कहा गया है कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले आइओ के खिलाफ अनुशासनिक करवाई गई जायेगी। एसपी द्वारा लंबित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और थानाध्यक्षों सहित सभी अधिकारियों को प्रतिदिन की बेहतर पुलिसिंग के लिए तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। सभी थानाध्यक्षों को अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अफसरों पदाधिकारियों और बल को भी बेहतर कार्यवाही को निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रतिदिन सीसीटीएनएस के ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्राथमिकी दर्ज करने और वादी को एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराने का निर्देश भी एसपी की ओर से दिया गया।

## औरंगाबाद जिले के रफीगंज शिवगंज पथ हुई घटना

# बेलगाम स्कोर्पियो ने तीन युवकों को रौंदा, दो की मौत, एक गंभीर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद के मदनपुर में स्कोर्पियो की टक्कर से सड़क किनारे खड़े दो युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के रफीगंज शिवगंज पथ पर अमीर बिगहा मोड़ की है। जहां गुरुवार की देर रात एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने तीन युवकों को रौंद दिया। मृतिकों की पहचान वाजिदपुर निवासी रामस्वरूप यादव के 23 वर्षीय पुत्र रवि कुमार एवं रामाशीष यादव के 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है, जबकि घायल की पहचान ऋतिक कुमार के रूप में की गई है, जो नीतीश का सगा भाई है।

जानकारी के अनुसार ऋतिक और नीतीश बाइक से अपने घर वाजिदपुर लौट रहे थे तभी अमीर बिगहा मोड़ के पास दोनों की मुलाकात रवि से हुई और तीनों बाइक रोक कर सड़क किनारे बात करने लगे। तभी शिवगंज की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने तीनो को रौंद दिया। इस दौरान रवि और नीतीश की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई जिनके द्वारा सभी इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रवि और नीतीश को मृत घोषित कर दिया जबकि हादसे में गंभीर रूप से घायल रितिक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला पार्षद शंकर यादव घटनास्थल पहुंचे और मृतक युवकों का जिलाधिकारी से बात कर रात्रि में पोस्टमार्टम करवाया। कहा कि स्कार्पियो चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुई है। चिकित्सकों के मुताबिक रितिक की हालत गंभीर है।




## सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक में सड़क पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के कोडवा गांव निवासी पिंटू कुमार एवं शहर के ही रवि मुमताज के पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गोलू शहर के ही एक बाइक शोरूम में मेकैनिक का काम करता है। काम समाप्त होने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान गोलू काफी तेज गति के बाइक चला रहा था जैसे ही दानी बिगहा के समीप पहुंचा की सड़क पार कर रहे पिंटू को गोलू ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल के एक एंबुलेंस चालक द्वारा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर स्थिति में पिंटू को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## उत्पाद टीम और होटल संचालक में मारपीट, पांच लोग घायल

**जहानाबाद।** गया पटना सड़क पर उमराई विगहा गांव के समीप शुक्रवार को उत्पाद विभाग की टीम एवं होटल संचालक के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसमें तीन पुलिसकर्मी समेत पांच लोग घायल हुए हैं। उत्पाद विभाग के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सोनाली होटल में हम लोग पोस्टर चिपकाने पहुंचे तो देखा कि कुछ लोग वहां शराब पी रहे थे। तब हम लोगों ने उसे मोबाइल में कैद करने लगे। इसी बात को लेकर होटल संचालक भड़क गए और मारपीट करने लगे। इसी घटना में सैप जवान समेत तीन पुलिसकर्मी को हल्की चोट आई है। वहीं ड्राइवर संतोष चौहान ने बताया कि हम लोग होटल में खाना खा रहे थे तभी अचानक उत्पाद विभाग की टीम पहुंची और हम लोगों से मारपीट करने लगी जिसमें हम और हमारे भाई घायल हो गए। इस मामले में होटल संचालक को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## एक नजर

### डीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी सभी प्रखंडों के पंचायतों में जाकर ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनों को अवगत कराएगा। यह जागरूकता रथ प्रतिदिन दो पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार भ्रमण करेगा एवं लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस रथ के साथ डे नोडल ऑफिसर की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, प्रशिक्षु आईएएस गौरव कुमार, वरीय उप समाहर्ता कृष्ण कुमार, एलडीएम औरंगाबाद एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले हो जाएं सावधान, फायरिंग करने पर होगी कार्रवाई

**औरंगाबाद ।** बिहार में शादी विवाह सहित अन्य समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले सावधान हो जाएं। इसको रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने अक्षरशः अनुपालन के लिए सभी पुलिस पदाधिकरियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है। शादी-ब्याह या किसी भी समारोह-उत्सव में हर्ष फायरिंग दंडनीय अपराध है। इस संबध पुलिस अधिक्षक ने बताया कि किसी भी जनसभा, धार्मिक स्थल, विवाह समारोह या अन्य जगहों पर हर्ष फायरिंग करना दंडनीय अपराध है। बताया कि अगर कोई व्यक्ति लाइसेंसी हथियार का उपयोग करता है तो उसकी अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी।

### शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहा केवल्या एजुकेशन फाउंडेशन

**औरंगाबाद।** शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नियंत्रित आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत केवल्या एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आज मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शहर के जागृति क्लॉनी स्थित पिरामल फाउंडेशन के कार्यालय में अयोजित किया गया। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट लीड सदाब आलम ने बताया कि कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन नीति आयोग के संकेतों पर पिछले दो वर्षो से जिला प्रशासन के साथ जुड़ कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रही है। खास कर जिले के चयनित 175 डेमो विद्यालयों में शिक्षा के संकेतों जैसे चेतना सत्र, बाल संसद, पुस्तकालय, बाला पेंटिंग, एफएलएन कीट, सुरक्षित शनिवार, अभिभावक शिक्षक बैठक, हेडमास्टर शिक्षक बैठक, गूगल रीड आलोंग, पीएलसी और बीपीएमयू बैठक आदि पर काम कर रही है। विशेषकर पिछले एक साल में एफएलएन कीट के प्रयोग के माध्यम से पहली और दूसरी कक्षा के अधिगम स्तर में आए सकारात्मक बदलाव ने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाया है। जिले में लगभग 34 मास्टर प्रशिक्षक अपने अपने प्रखंडों में शैक्षणिक सुधार में प्रयत्नशील हैं।

## अवैध खनन मामले में चार ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** अवैध खनन के विरूद्ध एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर निरंतर छापेमारी जारी है. इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप चार अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। साथ ही चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इस दौरान एक बाइक बरामद किया गया है। संदर्भ में कांड दर्ज कर पकड़े गए लोगों को जेल भेज दिया गया। एसपी की माने तो अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अंकुश लगाए जाने हेतु निरंतर प्रयास जारी है। पकड़े जाने पर न सिर्फ कार्रवाई की जाएगी बल्कि वाहन जब्त कर संबधित धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

# एसपी ने किया बालू घाटों का निरीक्षण, कहा- अवैध खनन में पकड़े जा रहे वाहनों का परमिट रद्द करें

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक छत्रनील सिंह का आज औरंगाबाद में आगमन हुआ। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के साथ-साथ दोनों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खनन पदाधिकारी के साथ से अवैध खनन के संबध में विस्तृत जानकारी ली और समीक्षा की गई। साथ ही बारून थाना क्षेत्र के बिना बंदोबस्ती वाले घाटों का निरीक्षण किया गया। जहां उक्त घाट क्षेत्रों में विशेष गश्ती, पिकेट का सुदृढ़ीकरण, सतत छापामारी, खनन माफियाओं को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई के प्रस्ताव भेजने, अवैध खनन में लिप्त वाहनों का परमिट रद्द करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं, वहां पर त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करें।

## पिकअप में लादकर ले जाए जा रहे नौ पशु बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** पशु तस्करी मामले में दो तस्करों को मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही एक पिकअप वाहन से नौ पशुओं को बरामद किया गया है। मामला थाना क्षेत्र के उचौली गांव के समीप की हैं। पकड़े गए तस्करों में दाउदनगर निवासी जावेद आलम एवं झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर थाना क्षेत्र के भौंडी निवासी हजरत अंसारी हैं। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि सूचना पर उक्त जगह छापेमारी की गई। जहां से एक पिकअप वाहन से क्रूरता पूर्वक लदा हुआ 6 गाय एवं 3 बैल बरामद किया गया है। वहीं इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। पशुओं को देवकुंड गौशाला भेजा गया है।

## लोक अदालत की सफलता के लिए सचिव ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# लोक अदालत के संबध में लोगों को करें जागरूक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



नौ दिसंबर को अयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव शुकुल राम एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण के द्वारा जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक की गई। इसमें लोक अदालत की सफलता हेतु थानाध्यक्षों के द्वारा उनके स्तर से मामलों को चिंहित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में लोक अदालत के संबध में जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान सचिव ने थानाध्यक्षों से कहा कि प्राधिकार ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार भेजी गयी है जिसमे आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

उक्त मामलों में पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें कि उक्त मामलों को खत्म कर भाई चारे प्रेम के वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर उन्हें पक्षकारों के काउंसलिंग में आवश्यकता पड़े तो वे पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय में भेजें, साथ ही आप अपने थाना स्तर पर ध्यान दें कि लोक अदालत के सम्बंध में निर्गत नोटिस को पक्षकारों तक समयानुसार पहुंच जाये और ध्यान रखे कि नोटिस की तामिला कराते वक्त पक्षकारों के तमिला पर नाम और संपर्क संख्या अवश्य अंकित करा लें, ताकि संबंधित न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपने स्तर से भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों को निस्तारण कराने में प्रयास करे। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण ने थानाध्यक्षों से कहा कि लोक अदालत से संबधित जितनी भी नोटिस न्यायालय और प्राधिकार से भेजी जा रही है उन्हें ससमय पक्षकारों तक पहुंचे इसकी निगरानी स्वयं थानाध्यक्ष खुद करेंगे तो नोटिस तमिला समय से हो जाएगा और थानाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता और वादों को लोक अदालत में निस्तारण हेतु खुद लोगों को प्रेरित करें तो लोक अदालत में रिकॉर्ड वादों का निस्तारण हो जाएगा। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि थानाध्यक्ष अपने इलाके के जन-प्रतिनिधियों को बुलाकर लोक अदालत के संबंध में उन्हें जागरूक करें, ताकि वह अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों को भी लोक अदालत के लिए जागरूक करें।



# एड्स से एक व्यक्ति का ही नहीं, उससे संबंधित अन्य लोगों का जीवन भी होता है प्रभावित: डीएम

- विश्व एड्स दिवस पर जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन
- जिलाधिकारी ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने पर दिया बल

**केटी न्यूज/बक्सर**



एड्स बीमारी के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल दिसंबर माह की पहली तारीख यानि एक दिसंबर को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह एचआईवी संक्रमण से होने वाली जानलेवा बीमारी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इसका मकसद बीमारी के खिलाफ दुनियाभर के लोगों को एकजुट करने, एचआईवी से पीड़ित लोगों के साथ समर्थन दिखाने, एड्स से मरने वालों को याद करने और नए संक्रमणों को रोकने के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। इस क्रम में शुक्रवार को जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से निकलने वाली जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। रैली में जीएनएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्ती लिए जागरूकता नारे भी लगाए।

इस दौरान जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा कि एचआईवी एक गंभीर बीमारी है जिसका वर्तमान में कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। एड्स से सुरक्षा का मूलमंत्र जानकारी है। एड्स से एक व्यक्ति का जीवन ही नहीं बल्कि उससे संबंधित अन्य लोगों का भी जीवन प्रभावित होता है। व्यक्ति अगर समझदारी का परिचय देता और उसका आचरण संयमित है तो वह स्वयं को एड्स से सुरक्षित रख सकता है। जिसके बाद जागरूकता रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराना सदर अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सुरेशचंद्र सिन्हा, एसीएमओ सह डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. शालिग्राम पांडेय, एमओआईसी मिथिलेश कुमार सिंह, डीपीसी जावेद आबेदी, डीसीएम हिमांशु सिंह समेत जिला स्वास्थ्य समिति और सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारी और कर्मीगण मौजूद रहे।

**सभी गर्भवती माताओं को एड्स की जांच करानी चाहिए:** वहीं, सदर अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है। जानकारी एवं शिक्षा ही इससे बचाव का सबसे सशक्त जरिया है। सभी गर्भवती माताओं को एड्स की जांच करानी चाहिए। यह सुविधा प्रखंड से लेकर जिला अस्पतालों तक निःशुल्क उपलब्ध है। राज्य सरकार ने 2030 तक राज्य को पूरी तरह से एड्स से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम लेट कम्युनिटी लीड है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बनें। बीमारी को रोकने के लिए समाज की अहम भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इस थीम को चुना गया है। साथ ही, इसका मकसद एड्स के बचाव में समाज ने जो महत्वपूर्ण योगदान दिए, उनकी सराहना करना है।

**एचआईवी संक्रमण की जानकारी रखेगा सुरक्षित:** जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि युवाओं में यौन शिक्षा का अभाव एचआईवी संक्रमण का सबसे बड़ा कारण है। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सीरिंज या सुई का प्रयोग, संक्रमित रक्त आदि के प्रयोग के कारण होता है। वहीं एचआईवी संक्रमित माता से उसकी संतान को भी एचआईवी संक्रमण होता है। ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर देती है। जिससे पीड़ित अन्य घातक बीमारियों जैसे टीबी, कैंसर व अन्य संक्रामक बीमारियों से प्रभावित हो जाता है। एड्स से बचाव के लिए जीवनसाथी के अलावा किसी से यौन संबंध नहीं बनायें।

## खबरें फटाफट

### बक्सर में शिक्षक ने पेड़ पर फांसी लगा की आत्महत्या

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर स्थित एक बागीचा में एक युवक शव आम के पेड़ से लटकता मिला। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को फंदे से उतार उसकी पहचान शुरू की। थोड़ी देर में ही उसकी शिनाख्त दार्जिलिंग के खोखरेबाग थाना क्षेत्र के खासमहल गांव निवासी चंद्रबहादूर छेत्री के 25 वर्षीय पुत्र अनिल छेत्री के रूप में हुई। जो पिछले कुछ महीनों से सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर स्थित एसआर पब्लिक स्कूल में शिक्षक की नौकरी करता था तथा पुराना भोजपुर स्थित श्रीराम आईटीआई के पास किराए के कमरे में रहता था। इसी आईटीआई कॉलेज के पीछे स्थित बागीचे में उसका शव मिला। बताया जाता है कि वह पिछले दो दिनों से गायब था तथा स्कूल के डायरेक्टर शिव कुमार केशरी उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान डायरेक्टर ने उसके परिजनों से भी संपर्क स्थापित किया तो परिजनों ने उसे किसी मंदिर में खोजने की सलाह दी। इसके बाद वे डुमरांव तथा आस पास के मंदिरों में उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार की शाम बागीचे में आम के पेड़ पर उसका शव लटकने की जानकारी मिली।

## डुमरांव एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, जेल भेजे गए चारों आरोपी

# जांच में फर्जी निकला सीआईडी का बोर्ड व पहचान पत्र, बंदूक का भी नहीं था लाइसेंस

- गुरूवार को सीआईडी का बोर्ड लगे वाहन से पुलिस ने चार युवकों को किया था गिरफ्तार
- पकड़े गए चार युवक रोहतास जिले के दावथ के रहने वाले हैं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गुरूवार को डुमरांव पुलिस ने एक सीआईडी का बोर्ड लगे एक स्कार्पियों को जब्त किया था। जिसमें चार युवक भी पकड़े गए थे। उनमें से एक युवक के पास से सीआईडी का फर्जी आई कार्ड के अलावे वाहन से एक अवैध बंदूक, सात कारतूस तथा एक भुजाली बरामद हुआ था। जिसके संबंध में आरोपियों ने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किए। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

शुक्रवार को एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरूवार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियों पर सीआईडी का बोर्ड लगा कुछ युवक किसी बड़ी साजिश की फिराक में निकले है। उनके पास अवैध असलहा भी है। इस सूचना पर डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार के नेतृत्व में





एक टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान शुरू कराया गया। इसी दौरान महाराजा पेट्रोल पंप के पास उक्त वाहन आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम ने रोक पूछताछ शुरू की तो उसमें सवार युवकों की बेचैनी बढ़ गई। हालांकि उसमें से एक युवक ने सीआईडी का फर्जी आईकार्ड दिखा पुलिस टीम को झांसा में लेने का प्रयास किया। लेकिन वाहन में मिले बंदूक के संबंध में वह कुछ जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद सभी को थाना लाया गया और कड़ाई से पूछताछ में उनलोगों ने यह स्वीकार किया कि वे लोग सीआईडी में नहीं है तथा यह बोर्ड व लोगों के साथ ही आई कार्ड भी फर्जी ही है। इस खुलासे के बाद पुलिस टीम भी भौच्चक रह गई थी।

**भयादोहन कर करते थे उगाही:** एसडीपीओ ने बताया कि चारों ने बताया कि वे विभिन्न विभागों के कर्मियों व पदाधिकारियों पर विजलेंस होने का धौंस दिखा अवैध उगाही करते थे। डुमरांव में भी वे किसी ऐसे ही उदेश्य से आए थे। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया कि वे किस पर धौंस जमाने आए थे तथा अब तक कितने लोगों से वसूली कर चुके थे। बहरहाल इनकी गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है।

**दावथ के रहने वाले है चारों युवक:** सीआईडी के नाम पर फजीर्वाड़ा कर लोगों से अवैध उगाही करने वाले चारों युवक रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के रामनगर सकरी गांव निवासी श्रीभगवान सिंह के पुत्र संजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह के पुत्र रंजन कुमार, रामनरेश सिंह के पुत्र सुरेन्द्र कुमार तथा ललन साह के पुत्र बीरेन्द्र कुमार है।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ



एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा है कि सीआईडी का फर्जी बोर्ड व आईकार्ड लेकर घूमने वाले युवकों से पूछताछ में जो जानकारी मिली है, उसका सत्यापन किया जा रहा है। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि ये लोग अबतक किन किन लोगों को चूना लगा चुके हैं।

## एक नजर

### आज से शुरू होगी पंचकोसी परिक्रमा, तैयारी पूरी



**बक्सर।** बक्सर के धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा शनिवार से शुरू हो रही है। यात्रा अहिरौली से शुरू होगी तथा वहां से श्रद्धालुओं का जत्था रामरेखाघाट पर सुबह-सबेरे पूजा तथा भजन-कीर्तन के बीच साधु-संतों का जत्था अहिरौली के लिए रवाना होगा। पंचकोशी समिति द्वारा परिक्रमा मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंचकोशी मेला को लेकर प्रशासनिक अलर्ट भी जारी कर दिया गया है, ताकि विश्राम स्थलों पर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो और विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो सकें। बता दें कि यह परंपरा त्रेता युग से चली आ रही है। जिसका पूरे उल्लास के साथ आज भी निर्वहन किया जाता है।

### समारोह में हर्ष फायरिंग पर रोक लगाने के लिए थानाध्यक्ष ने गणमान्य लोगों के साथ की बैठक

**डुमरांव।** शुक्रवार को कोरानसराय थाना परिसर में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने किया। बैठक में थानाध्यक्ष ने शादी विवाह जैसे अवसरों पर हर्ष फायरिंग नहीं करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि हर्ष फायरिंग रोकने के लिए राज्य सरकार व पुलिस महकमा सख्त है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग से अपना ही नुकसान होता है। कभी कभी तो रंग में भंग पड़ जाता है वही हर्ष फायरिंग के दौरान अबतक कई लोग अकारण जान गवां चुके है। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपने घर में शादी विवाह या अन्य मांगलिक आयोजनों में हर्ष फायरिंग रोकने के साथ ही आस पास में भी ऐसा नहीं होने देने की अपील की। जिस पर उपस्थित लोगों ने सहमति जताते हुए कहा कि वे भरसक प्रयास करेंगे कि उनके क्षेत्र में होने वाली शादियों या अन्य उत्सवों में हथियारों का प्रदर्शन न हो। मौके पर मठिला मुखिया देवेन्द्र कुमार सिंह, कनझरूआ मुखिया मो असगर अली, कोरानसराय मुखिया प्रतिनिधि समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य उपस्थित थे।

### मतदाता सूची के लिए बीडीओ ने किया भ्रमण

**केसठ।** प्रखंड में 18 से 20 वर्ष तक के युवकों का वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए आधिकारी और कर्मी जोरो पर जागरूकता अभियान के साथ व्यापक रूप से डोर टू डोर जा कर प्रपत्र छह ले रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने क्षेत्र के हरी टोला, पोखरा टोला, रामपुर सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर डोर टू डोर जा कर लोगों को वोटर कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किए। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सभी वोटर कार्ड बनवाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नियुक्त कर्मी जोरो से इस कार्य को करने में लगे हुए है तथा सुपरवाइजर रोजाना इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। क्षेत्र के लोगो से उन्होंने कहा कि जिनका भी मतदाता सूची में नाम नहीं है तो प्रपत्र 6 भर कर नियुक्त कर्मी को जमा कर दें। इस मौके पर नोडल बीएलओ अजय कुमार विक्रांत, डीआरपी राकेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी बन्हेजी डेरा के तीसरे युवक की भी इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार की सुबह एनएच 922 पर शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के पास हुए भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हुए डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेजी डेरा गांव के सरल चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र अर्जुन चौधरी की पटना में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। इसके साथ ही इस दुर्घटना में तीनों युवकों की मौत हो गई।

गौरतलब है कि बुधवार को डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेंजी डेरा के तीन युवक एक ही बाइक पर सवार हो जगदीशपुर के बौलीपर गांव जा रहे थे। इसी दौरान बिलौटी के पास एक ही लेन में आ रही विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार वाहन ने इनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया था। इस दुर्घटना में बुधवार को ही बन्हेजी डेरा के ही मंटू चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र आलोक तथा मदन चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र शुभमत ऊर्फ बिट्टू



की मौत आरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। वही शुक्रवार को पटना के पीएमसीएच में तीसरे जख्मी अर्जुन की मौत ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। तीन मौतों से बन्हेजी डेरा गांव में शुक्रवार को भी पूरे दिन मातम पसरा रहा। वही शव आते ही परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था। आलम यह था कि परिजनों को ढांढस बंधाने आने वाले ग्रामीणों तथा रिश्तेदारों की आंखे भी नम हो जा रही थी। गांव में एक साथ तीन युवकों की मौत से वीरानगी पसरी है। वही गुरूवार को डुमरांव विधायक डा. अजित कुशवाहा मातमपुर्सी करने बन्हेंजी डेरा गए थे। वे पीड़ित परिजनों को ढांढस भी बंधाए थे।

## डुमरांव व कोरान सराय में चेकिंग अभियान चला वाहनों से वसूला 2.5 लाख का जुर्माना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने डुमरांव तथा कोरानसराय में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी के साथ ही दोनों जगहों पर स्थानीय पुलिस टीम शामिल रही। जानकारी के अनुसार दोनों थाना क्षेत्रों से दर्जनों दुपहिया वाहन चालकों से कुल 2.5 लाख का जुमार्ना भी वसूला गया। वही कोरानसराय में बालू लदे आधा दर्जन से अधिक ट्रकों को जब्त किया गया है। जिसकी सूची जिला खनन पदाधिकारी को भी सौंपी गई। बता दें कि डुमरांव में राज अस्पताल के पास डीटीओ ने डीएसपी व डुमरांव थाने की पुलिस टीम के साथ जबकि कोरानसराय में स्थानीय पुलिस के साथ मिल यह अभियान चलाया था। इस दौरान बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन चालक डीटीओ की जद में आए। जिनमें किसी के पास हेलमेट नहीं था तो किसी के पास पर्याप्त कागजात, डीएल तथा प्रदूषण मुक्त का प्रमाण पत्र नहीं था। ऐसे सभी वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया है। डीटीओ ने बताया कि दोनों थाना क्षेत्रों से कुल 2.5 लाख रूपए वसूले गए है। जबकि ओवरलोड में जब्त किए गए ट्रकों से अभी जुमार्ना नहीं लिया गया है। खनन पदाधिकारी व परिवहन विभाग मिल जुर्माने की राशि तय करेगा।

### ट्रिपल लोडिंग के कारण तीन छात्रों पर लगा 16 .5 हजार का जुर्माना

वाहन चेकिंग के दौरान कोरानसराय में डीटीओ ने एक ट्रिपल लोड बाइक को पकड़ा। जिस पर सवार तीनों युवक मुरार स्थित राधा स्वामी सतसंग कॉलोनी में दयाल बाग आगरा द्वारा संचालित वोकेशनल कोर्स के छात्र थे तथा परीक्षा देकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोरानसराय में डीटीओ के सामने पड़ गए। उनके पास न तो हेलमेट था और न ही डीएल और प्रदूषण के कागजात जबकि वे खुद ट्रिपल लोड भी थे। डीटीओ ने उनपर 16 .5 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया। लेकिन छात्रों के पास पैसा नहीं था। जिसके बाद तीनों को पकड़ कोरानसराय थाना ले जाया गया। इस दौरान छात्र रोते हुए छोड़ देने की विनती कर रहे थे। संयोग से उस समय कोरानसराय थाने में भी जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों की बैठक चल रही थी। छात्रों को रोता देख कनझरूआं पंचायत के मुखिया मो. असगर अली के नेतृत्व में स्थानीय निवासी दीपक तिवारी व मोहन तिवारी समेत अन्य लोगों ने पहले तो डीटीओ से छात्रों को छोड़ने की अपील की, लेकिन जब डीटीओ नहीं माने तो बाद में तीनों ने मिलकर छात्रों को राहत पहुंचाने के लिए चंदा इकट्ठा करना शुरू किया। देर शाम तक चंदा इकट्ठा कर जुर्माने की राशि चुकाई गई।

### बाल विवाह रोकने के प्रति मनरेगा मजदूरों को किया गया जागरूक

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर पंचायत के स्थानीय गांव में शुक्रवार को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन यू एस नई दिल्ली दिशा एक प्रयास के तत्वावधान में मनरेगा मजदूरों को बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल श्रम के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्य सी एस डब्ल्यू संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। बताया गया कि कम उम्र में शादी करना कानूनी अपराध है। ऐसे होते जहां भी देखें तो टोल फ्री नंबर 1098, 1800 10 27 222 एवं 112 को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## संविधान दिवस पखवाड़े के तहत सदर प्रखंड परिसर में लाभकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# लोक अदालत में वादों का सुलह के आधार पर करें निपटारा: जज

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर एवं जिला विधि शाखा समाहरणालय, बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को सदर प्रखंड परिसर में जागरूकता विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अवर न्यायाधीश सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर देवेश कुमार एवं सीओ निधि ज्योत्सना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस विशेष मेगा कैंप में जिला परिवहन, आईसीडीएस, वन स्टॉप सेंटर, श्रम विभाग,



स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान योजना, विधिक सहायता, दिव्यांगजन सशक्तिकरण आपूर्ति समेत विभिन्न विभागों के 22 स्टॉल लगाए गए थे। जिसके माध्यम से महत्वपूर्ण जन उपयोगी विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनों को दी गई और लाभुको को ऑन स्पॉट योजनाओं का लाभ भी दिया गया। इस योजना के अंतर्गत पूनम किन्नर, पपिया किन्नर, गुनगुन किन्नर आदि लोगों को जो बैंक खाता खोलना चाहते हैं, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड के बनवाने का आवेदन दिया गया। शिविर में अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। मनरेगा योजना के लाभुको के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। वहीं कृष्णानंद सिंह, चंदन कुमार, शेख वसीम बड़की सारीमपुर के रहने वाले को दाखिल खारिज मामले में शुद्धि पत्र का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री बीज योजना के 70 लाभुकों को बीज वितरण किया गया। वहीं जिला कल्याण विभाग द्वारा मनोरमा देवी, अवधेश राम आदि दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल देकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। अपने संबोधन में न्यायाधीश ने 9 दिसंबर को आयोजित लोक अदालत में अपने-अपने वादों को सुलह के आधार पर निपटारा करने की अपील की। मौके पर कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, सुमित कुमार, सुनील कुमार विधि विधिक सहायता परामर्श सुरक्षा प्रणाली के मुख्य परामर्शदाता विनोद कुमार सिंह एवं उप प्रमुख कुमार मानवेंद्र, विधिक स्वयंसेवक कविंद्र नाथ पाठक, शत्रुघ्न सिन्हा, सुरेंद्र कुमार पांडे, नीतू कुमारी, गजेंद्र नाथ दुबे, शिवदयाल पांडे, गजेंद्र दुबे,आदि मौजूद रहे।



# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल दिया एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश

**विश्व एड्स दिवस**

♦ रैली के जरिए छात्रों ने बताया- एड्स है लाइलाज बीमारी, इससे बचाव के लिए जागरुकता जरूरी

**केटी न्यूज/चंदौली**

अभिषेक नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट चंदौली के छात्र-छात्राओं की ओर से शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान रैली में छात्र-छात्राओं ने अपने अपने हाथों में बैनर व होर्डिंग्स लिए चल रहे थे। मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन डा.संजय कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली रेलवे ओवरब्रिज होते हुए कचहरी व कोतवाली होते हुए कॉलेज पहुंची।



इस दौरान चेयरमैन डा.संजय कुमार ने कहा कि किसी के छीकने, छूने व एक साथ खाना खाने या अन्य ऐसी चीजों से एड्स नहीं फैलता है। एड्स केवल खून के संक्रमण से फैलता है यदि कोई एड्स मरीज की सुई किसी दूसरे व्यक्ति को लगा दी जाती है, तब एड्स फैलता है या एक से अधिक यौन सम्बन्ध बनाने से एड्स फैलता है। विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली में प्रधानाचार्य नरेंद्र नागर अमित पचौरी, शिव जन्म, राम अशीष यादव, प्रीती गुप्ता, सतीश, धर्मवीर, शुभम उपाध्याय, उमा शंकर, उन्नति, रोजलिन टुडू आदि लोगो ने भाग लिया

## एचआईवी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कर देता है कम

**चंदौली।** एचआईवी एड्स संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने बताया कि एचआईवी संक्रमण एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। यह संक्रमण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। इम्यूनिटी कमजोर होने से वक्त के साथ लोगों में अन्य गंभीर प्रकार के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आगे चलकर यही एचआईवी संक्रमण एक्वायर्ड इम्युनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम (एड्स) का रूप ले लेता है। जनपद में मौजूदा समय में आंकड़ों के मुताबिक 732 लोग एचआईवी एड्स के शिकार हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी शरण ने बताया कि एचआईवी संक्रमण एक लाइलाज बीमारी है। लेकिन विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचाव के उपाय बताएं हैं, जिनका पालन कर इसके खतरे से बचा जा सकता है। एड्स खुद में कोई बीमारी नहीं, लेकिन इससे पीड़ित शरीर प्राकृतिक प्रतिरोधी क्षमता को खो देता है। एचआईवी एक वायरस है जो संक्रमण के कारण होता है। शरीर में एचआईवी संक्रमण के प्रसार के कई कारण हो सकते हैं। असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित व्यक्ति के रक्त के माध्यम या गर्भावस्था में प्रसव के दौरान संक्रमित मां से बच्चे तक एचआईवी फैल सकता है। एचआईवी एड्स के सबसे अधिक मामले असुरक्षित यौन संबंध बनाने के कारण देखने को मिलते हैं।

**कानून के रक्षक ही बन बैठे हैं भक्षक**

# बलिया में सार्वजनिक स्थान पर धुएं का छल्ला उड़ा रहे दारोगा



**तिलक कुमार/बलिया**

2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश जारी किया था कि कोई भी पुलिस कर्मी ड्यूटी के समय थाने के अंदर हो या फिर बाहर नशा नहीं करेंगे। न गुटखा खाएंगे, न खैनी और न ही सिगरेट पिएंगे। लेकिन बलिया रोडवेज के पास स्थित पुलिस पिकेट में तैनात दारोगा खुलेआम सार्वजनि?क स्थान पर धुएं का छल्ला उड़ाते नजर आए।

वैसे देखा जाए तो मुख्यमंत्री योगी के आदेश का आज तक बलिया के पुलिसकर्मी कभी पालन ही नहीं किए। आप किसी भी थाने में चले जाइए वहां आपको दारोगा हो मुंशी हो या फिर सिपाही, खैनी फटकते या फिर गुटखा कूचने के साथ–साथ धुएं का छल्ला उड़ाते नजर आ जाएंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी के सत्ता संभालने के बाद तम्बाकू नियन्त्रण कानून 'कोटपा' के तहत ताजनगरी आगरा में पहली बार सिगरेट और बीड़ी पीने वालों पर जुमार्ना लगाया गया था। उस वक्त जांच टीम ने चार लोगों पर 300 रुपए का जुर्माना लगाया था। इसे अभियान की शक्ल देते हुए 22 टीमें भी गठित की गई थी, जो पब्लिक प्लेस पर धूम्रपान करने वालों को ढूंढ रही थी। लेकिन जैसे–जैसे सरकार पुरानी होती गई, तम्बाकू नियन्त्रण कानून 'कोटपा' भी कानून के किताब में कैद होकर रह गया।

**एसपी दारोगा को करें सस्पेंड: मनोज राय हंस:** सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 278 के अनुसार, जो कोई किसी स्थान के वायुमण्डल को स्वेच्छा दूषित करेगा कि वह जन साधारण के स्वास्थ्य के लिए, जो पड़ोस में निवास या कारोबार करते हों, या लोक मार्ग से आते जाते हों। ऐसे में सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीना एक दंडनीय अपराध है। दारोगा को तत्काल सस्पेंड कर देना चाहिए।

### क्या बोले एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि वीडियो अभी मैंने देखा नहीं। यदि सार्वजनिक स्थान पर दारोगा ऐसे सिगरेट पी रहे हैं तो संबंधित दारोगा के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

**लोक संवाद: कासिमाबाद में बलिया सांसद ने किया शुभारंभ**

# सरकार की योजनाओं से रू-ब-रू हुए ग्रामीण, पंचप्रण की ली शपथ






**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड कासिमाबाद के ब्लाक परिसर में मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। बता दें कि ग्रामसभा से लोकसभा तक संवाद कार्यक्रम में मंच मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत बुके, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गयी जो सराहनीय रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा आधारित विशेष वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के व्यक्तव्यों को सुना व देखा गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। सांसद तथा मुख्य विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया वीडियो संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये जिसमें अधिक से अधिक लोगों को सरकार की महत्वूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे लाभ दिया गया। जिसमें ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया) पीएम उज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई केवाईसी, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि/कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने पात्र लाभार्थियो को सरकार की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित कर उन्हे प्रमाण पत्र दिया एवं गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एव बच्चों का अन्नप्रासन किया। अन्त मे मुख्य अतिथि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, एसपी ग्रामीण, पीडी, समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड, विकास खण्ड भॉवरकोल के ग्राम पंचायत मुर्की आगाद, विकास खण्ड सैदपुर में ग्राम पंचायत रामेरपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्रम पंचायत गौसपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा एल0ई0डी0 वैन माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी के संवाद को सुना गया एवं पंचप्रण की शपथ भी दिलाई।

## एक नजर

### आप वोट बहुत दे चुके, अब वोट लेना सीखें: शमीम



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमिन पार्टी की बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी बलिया में आयोजित की गई। जिसमें शेषनाथ प्रसाद गुप्ता अपने कई साथियों के साथ पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। शेषनाथ गुप्ता ने कहा कि यह पार्टी गरीब कमजोर के साथ खड़ी रहती है, बैरिस्टर साहब सच्चे नेता हैं। इसलिए हम लोग इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि सपा,बसपा,कांग्रेस की पिछली सरकारों में उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हो पाया। आज उत्तर प्रदेश की जनता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से उम्मीद लगा कर बैठी है। आज तक हम लोग दूसरे को वोट देते आएं। अब वोट लेना सीखना होगा। हमें जनता के बीच जाकर पार्टी का मिशन बताना पड़ेगा, लोगों को जोड़ना पड़ेगा। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम,जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,जिला सचिव दीपक यादव,जिला सचिव ,ब्लॉक अध्यक्ष नेहाल अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी,जिला कार्य समिति के सदस्य नियाज अहमद,दौलत खान,रामकुमार राजभर,छोटन राजभर,त्रिभुवन राम संपत लाल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### ठंड को लेकर एक्टिव मोड में जिलाधिकारी

**बलिया।** ठंड को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एक्टिव मोड में है। उन्होंने शुक्रवार की दोपहर अशोका होटल के पास बांसडीह रोड स्थित डूडा द्वारा संचालित राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत निर्मित आश्रय गृह व रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम किचन, ठहरने वाले लोगों के कमरे, उनके लिए रजाई, कंबल और बेड की संख्या, प्रतिदिन आने वाले लोगों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। केयरटेकर ने बताया कि इस समय प्रतिदिन 25-30 लोग आते हैं और पुरुष और महिला सहित कुल 56 बेड हैं।जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर आत्रेय मिश्र को आश्रय गृह के बाहर एक बड़ा बोर्ड एवं शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे मुख्य स्थान पर फ्लैक्स व बैनर लगाने का निर्देश दिया। ताकि बेसहारा और गरीब लोग इस आश्रय गृह में निःशुल्क ठहर सकें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान या फुटपाथ पर नहीं सोना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितने भी लोग यहां ठहरेंगे उनके निःशुल्क खाने-पीने और रहने की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खाने पीने की वस्तुएं शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### अमीना की मांग पर डीएम ने दान की पुस्तकें



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार की दोपहर कासिमबाजार स्थित जिला राजकीय पुस्तकालय पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं की मांग वाली उपयोगी किताबें दान किया। उन्होंने पुस्तकालय में संचालित सभी व्यवस्थाओं को परखा और छात्र-छात्राओं की मांग पर सिविल परीक्षाओं से संबंधित कुछ जरूरी टिप्स दिए। लाइब्रेरी असिस्टेंट को सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने व साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। एक छात्रा, जिसका नाम अमीना खातून है और जो प्रतियोगी परीक्षा यूपीपीसीएस की तैयारी राजकीय पुस्तकालय, बलिया में करती है,उनको सिलेबस के आधार पर वहां किताबें उपलब्ध न होने के कारण असंतुष्ट थी। उन्होंने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर सिविल परीक्षा से जुड़ी किताबों की मांग की थी। उस प्रार्थना पत्र की महत्ता को समझते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को जनपद के जिला राजकीय पुस्तकालय पहुंचे और छात्रा की मांग वाली उपयोगी किताबें दान किया। उन्होंने पुस्तकालय में संचालित सभी व्यवस्थाओं को परखा और छात्र-छात्राओं की मांग पर सिविल परीक्षाओं से संबंधित कुछ जरूरी टिप्स दिए एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट को सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने व साफ सफाई के लिए निर्देशित किया।

### समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग

चंदौली। आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन चार सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी अनिवाश कुमार को पत्रक सौंपा और अपनी मांगों से अवगत कराते हुए उसे पूरा किए जाने की आवश्यकता जताई। इस दौरान विजय श्याम तिवारी ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए। साथ ही स्थायी सेवा नियमावली बनाकर एक लाख 50 हजार शिक्षामित्रों के परिवार को जीवनदान प्रदान किया जाए। इसके अलावा शिक्षामित्रों को पूर्व की भांति मूल विद्यालय में वापसी का आदेश जारी किया जाए। वहीं महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के विद्यालय में स्थानान्तरित होने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मृत शिक्षामित्रों के परिवार को यथोचित सरकारी नौकरी व मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उनके दुख-दर्द को बांटने के साथ ही आर्थिक संबल प्रदान किया जा सके। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 25 जुलाई 2017 के फैसले से पूरी तरह से शिक्षामित्रों तथा उनके परिवार के भरण-पोषण पर संकट खड़ा हो गया है।

### अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने रेवतीपुर थाने का किया मुआयना

**गाजीपुर।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने बीते बृहस्पतिवार की शाम को पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रेवतीपुर थाने का अर्धवार्षिक मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं व शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। अधीनस्थों को निर्देश दिए कि वह जनसमस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान हो ताकि पीड़ितों को बेवजह जिला मुख्यालय तक दौड़ना न पड़े। चेताया कि अपराध नियंत्रण व वांछितो की गिरफ्तारी में लापरवाही पर सख्त कार्यवाई की जाएगी।

### रास्ता के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भट्ट सराय गांव से होकर गुजर रही नवनिर्मित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे पर भट्ट सराय गांव के सामने जमाल चक व गोपाल चक को जोड़ने वाली सड़क पर इस पार से उस पार आने–जाने के लिए अंडरपास रास्ता दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कार्यदायी संस्था व विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया गया। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण व कार्रदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को लिखित पत्र भेजा गया। ग्रामीणों का कहना था कि भट्ट सराय गांव के क्षेत्रफल की दृष्टि से गांव का एक हिस्सा सड़क निर्माण में निकल जाने के बाद गांव से ग्रामीणों का रास्ता कट जाएगा। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी।

# पूर्व विधायक ने अंत्येष्टि स्थलों के बारे में मांगी जानकारी

**केटी न्यूज/चंदौली**

चंदौली जिले का पंचायती राज विभाग इन दिनों सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू के निशाने पर है। मनोज सिंह डब्लू जनपद के अत्येष्टि स्थलों के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को डीपीआरओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे को पत्र देकर अंत्येष्टि स्थल समेत कुल 10 बिंदुओं पर जानकारी तलब की। साथ चेतावनी दी कि यदि जनहित से जुड़ी जानकारी विभाग सोमवार को उपलब्ध कराने में नाकाम रहा तो कार्यालय में ग्रामीणों की अगुवाई में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि अंत्येष्टि स्थल समेत अन्य बिंदुओं को लेकर डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे से कई बार वार्ता हुई और उनसे उनके विभाग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। बार-बार आश्वासन के बाद भी विभाग की ओर से जनहित से जुड़े मामले पर लगातार उदासीनता, शिथिलता बरती गयी, डीपीआरओ द्वारा बार-बार टालमटोल किया गया। विभाग से जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थलों का विवरण व उन पर हुए खर्च का ब्यौरा मांगा गया है। इसके अलावा जनपद में नियुक्त सफाई कर्मियों की जानकारी के साथ उन सफाई कर्मियों का ब्यौरा तलब किया गया है जो ग्राम पंचायतों में काम न करके सरकारी कार्यालयों से सम्बद्ध हैं और कौन सफाई कर्मी कितने दिनों से किस विभाग में सम्बद्ध है।

# ट्रक की चपेट आकर बाइक सवार घायल, गंभीर

**केटी न्यूज/मऊ**



मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत दोहरीघाट मधुबन मार्ग पर चकऊथ में शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे जेसीबी को मोटरसाइकिल सवार युवक ओवर टेक कर रहा था कि पीछे से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवाल 38 वर्षीय युवक को रौंद डाला। जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया व उसकी 30 वर्षीय पत्नी को भी हल्की चोटे आई। भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बुरी तरह से घायल युवक को एम्बुलेंस से दोहरीघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा जहाँ पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर हेतु रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार विजय कन्नौजिया पुत्र जिउत कन्नौजिया अपनी पत्नी को बाइक से लेकर गोरखपुर जनपद के मिजार्पुर बाजार से मधुबन क्षेत्र के उन्दुरा मजार पर जा रहा था कि दोहरीघाट मधुबन मार्ग पर स्थित चकऊथ के पास पहुचकर जेसीबी को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे विजय कन्नौजिया दाहिने पैर के जंघे पर ट्रक का अगला पहिया चढ़ गया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। साथ ही उसकी पत्नी अंजना देवी को भी चोटें आईं। ग्रामीणों ने भाग रहे ट्रक चालक हरिनाथ पुत्र संत बरनापुर विलरियागंज आजमगढ़ को पकड़कर पुलिस को सौप दिया। साथ साथ ग्रमीणों ने एम्बुलेंस से घायल किो इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहाँ पर उसे गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नवंबर माह में रिकॉर्ड वादों का निस्तारण**

# मानक अनुरूप खाद्य पदार्थ न पाए जाने पर लगा 18 लाख का अर्थ दंड

**केटी न्यूज/मऊ**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नवंबर माह में अपर जिलाधिकारी न्यायालय में कुल 29 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 18 लाख 35 हजार रुपए का अर्थ दंड भी संबंधित लोगों पर लगाया गया। अक्टूबर माह में भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वादों का निस्तारण करते हुए अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा लगभग 7 लाख रुपए का अर्थ दंड अधिरोधित किया गया था। ज्ञातव्य है कि नवनियुक्त अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह द्वारा वादों के निस्तारण में अधिक सक्रियता दिखाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दायर वादों के निस्तारण में तेजी आई है,जिसके कारण पिछले दो माह में ही लगभग 25 लाख रुपए का अर्थ दंड अपर जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत वादों का निस्तारण करते हुए मात्र 9 लाख रुपए का अर्थ दंड ही अधिरोपित किया गया था, परंतु पिछले दो माह में वर्तमान अपर जिलाधिकारी द्वारा इस अधिनियम के तहत दायर वादों के निस्तारण में तेजी लाने से संबंधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही में तेजी आई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों एवं मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के दौरान लिए गए नमूनों की जांच के उपरांत मानक के अनुरूप न पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किए जाते जाते हैं, जिसकी सुनवाई अपर जिलाधिकारी न्यायालय में की जाती है तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत निर्धारित अर्थ दंड को अधिरोपित किया जाता है। माह नवंबर में निस्तारित वादों में के दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे,काजू ,खोवा, गाय एवं भैंस के दूध, सरसों तेल, छेना मिठाई, नमकीन, मुर्गा मांस, पापड़ आदि चीजों के मानक के अनुरूप न पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के मालिकों के खिलाफ दायर वादों में के निस्तारण के दौरान कुल 18 लाख 35 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया गया, जिसमें सरकार बनाम प्रमोद महतो सहादतपुरा एवं सरकार बनाम धर्मेंद्र गुप्ता सरवां के खिलाफ दो-दो लाख रुपए तथा सरकार बनाम श्रीमती सीमा देवी मधुबन एवं सरकार बनाम परवेज अहमद मदनपुरा बांस मस्जिद के खिलाफ एक- एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा नवंबर माह में निस्तारित कुल 29 वादों में 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक के अर्थ दंड अन्य संबंधित लोगों पर अपर जिला अधिकारी न्यायालय द्वारा लगाया गया।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक